वी.यू. में 41 वीं प्रबंधन मंडल की बैठक संपन्न

जबलपुर। आज दिनांक 12 अक्टूबर 2022 को नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय जबलपुर में 41 वीं प्रबंधन मंडल की बैठक संपन्न हुई जिसकी अध्यक्षता विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति डॉ. सीता प्रसाद तिवारी जी द्वारा की गई। बैठक की शुरुआत में कुलसचिव डॉ. एस.के. जोशी ने अध्यक्ष एवं सभी सदस्यों का पुष्प से स्वागत किया तत्पश्चात बैठक में आगामी माह में होने वाले छठवें दीक्षांत समारोह पर होने वाली गतिविधियों से अवगत कराया जिसमें छात्र–छात्राओं को मिलने वाले स्वर्ण पदक डिग्री आदि शामिल हैं। विश्वविद्यालय द्वारा संचालित विभिन्न महाविद्यालयों में चल रहे पाठ्यक्रमों के शैक्षणिक सत्र 2022-23 में शुल्क वृद्धि का भी प्रस्ताव रखा गया साथ ही विश्वविद्यालय से संबंधित विभिन्न प्रगतिशील व आगामी कार्य योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई तथा महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

प्रबंधन मंडल के सदस्यों में क्रमश श्री एस.सी. दुबे, श्रीमती राधा मिश्रा, डॉ. एस.पी. शुक्ला, डॉ. जितेंद्र सिंह, डॉक्टर महेंद्र सिंह, डॉ. सुधीर यादव, पशुपालन विभाग से डॉ. वी. के. बाजपेई मत्स्य पालन विभाग से श्री प्रियंक श्रीवास्तव लेखा नियंत्रक श्री अजय सिंह ठाकुर तथा कुलसचिव डॉ श्रीकांत जोशी उपस्थित रहे।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
न.दे.प.चि.वि.वि.,जबलपुर